चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....दैनिक भास्कर........

दिनांक ..28.6.2019.. पृष्ठ सं. ....6.... कॉलम ..1-4..

एग्री स्टार्टअप के लिए एचएयू ने लॉन्च किया 'आगाज'

एग्री बिजनेस इन्क्यूबेशन सेंटर के माध्यम से युवा अंत्रप्रन्योर या किसान उठा सकते हैं लाभ, पंजीकरण 15 जुलाई तक होगा

भास्कर न्यूज | हिसार

एचएयू ने आगाज 2019 कार्यक्रम लॉच किया है, जिसके तहत एग्रीकल्चर के क्षेत्र में स्टार्ट अप आइडिया देने वाले युवाओं या किसानों को प्रशिक्षण ही नहीं 5 से 25 लाख रुपये तक की आर्थिक मदद भी की जाएगी, ताकि स्टार्ट अप आईडिया के प्रोजेक्ट को पूरा करने में मदद मिले। इस कार्यक्रम के लिए 15 जुलाई तक कोई भी व्यक्ति आवेदन कर सकता है। एचएयू में एग्री बिजनेस इन्क्यूबेशन सेंटर के तहत यह पूरा कार्यक्रम चलाया जा रहा है। यह कार्यक्रम राजीव गांधी कृषि विकास योजना के माध्यम से आयोजित कराया जा रहा है, जिसका उद्देश्य है कि कृषि के क्षेत्र के स्टार्ट अप को तेजी से प्रमोट किया जाए। इसके लिए आवेदनकर्ता एचएयू की बेवसाइट पर जाकर आवेदन करा सकते हैं।

आगाज कार्यक्रम से जुड़ी 5 महत्वपूर्ण जानकारियां

आईडियाः इसमें आवेदन के साथ आपको अपना आईडिया साझा करना होगा, इसमें बताना होगा कि किसी प्रकार से आपको विचार कृषि के क्षेत्र में किसानों की समस्याएं हल कर सकता है, काम को आसान बना सकता है या अन्य कोई।

एक्सपर्ट से मेंटरशिपः एक बार आपका विचार पसंद आया, इसके बाद एक्सपर्ट एक विशेष प्रशिक्षण देंगे, जो आपके विचार की रूपरेखा को आगे बढ़ाने में मदद करेगा। इसमें कई प्रकार एक्सपर्ट को एचएयू ने एग्रीबिजनेस इन्क्यूबेशन सेंटर के माध्यम से जोड़ा है।

विश्वस्तरीय रिसर्च लैबः स्टार्ट अप का विचार और एक्सपर्ट की सलाह के बाद इसको सफल बनाने के लिए आवेदकों को एचएयू की विश्वस्तरीय रिसर्च लैब का प्रयोग भी करने दिया जाएगा, ताकि इसको विचार को हकीकत में इन्वेंट किया जा सके।

फंडिंगः विचार को कागज पर उतारने के बाद आवेदक को इस कार्यक्रम के तहत फंडिंग की सुविधा भी दी जाएगी। कार्यशाला 8 सप्ताह की होगी। अगर आपका आइडिया फंडिंग के लिए एप्रूव होता है तो 5 लाख से 25 लाख तक की ग्रांट भी मिल सकती है।

जानकारी के लिए यहां करें संपर्कः इस कार्यक्रम की जानकारी के लिए एबिक सेंटर की नोडल अफसर डॉ सीमा रानी, प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर डॉ आरके झोरड़, को- प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर डॉ राजेश गेरा के पास संपर्क कर सकते हैं।

इन क्षेत्रों में हो सकता है आइडिया

- नर्सरी बढ़ोत्तरी
- मशरूम प्रोडक्शन
- फ्लोरीकल्चर
- आर्गेनिक प्रोडक्शन फार्मिंग
- फसलों का उत्पादन व संरक्षण
- टिश्यू कल्चर
- बॉयो गैस, बॉयो फर्टिलाइजर प्रोडक्शन
- कृषि के क्षेत्र में आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस
- बॉयोपेस्टीसाइड प्रोडक्शन

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम दैनिक जागरण
दिनांक 28.6.2019 पृष्ठ सं. 3 कॉलम 6-8

बेहतर आइडिया वाले देश के किसानों और युवाओं को एग्री बिजनेसमैन बनाएगी एचएयू

संदीप बिश्नोई • हिसार

विद्यार्थियों, किसानों और युवाओं के आइडिया को मूर्त रूप देने के लिए पहल शुरू हो गई है। देश के विभिन्न विषयों के एक्सपर्ट बेहतर आइडिया वाले किसानों, विद्यार्थियों और युवाओं को बिजनेसमैन बनाएंगे। कृषि और कृषि से संबंधित क्षेत्रों से जुड़े लोगों से चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के एग्री बिजनेस इंक्यूबेशन सेंटर ने आइडिया के साथ आवेदन पत्र मांगे हैं। पहल यानी पेडागॉगी फॉर एग्रीकल्चरिस्ट हेबिलिटेसन फॉर एग्रीप्रन्योरल लाइवहुड नामक इस कार्यक्रम के तहत देशभर से कोई भी व्यक्ति या संस्था 15 जुलाई तक एचएयू की वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकता है। विश्वविद्यालय और बाहर से आए एक्सपर्ट की कमेटी आवेदनों में से सबसे बेहतर आइडिया वाले 30 आवेदनकों का चयन करेंगे और उनको दो माह की ट्रेनिंग दी जाएगी। ताकि किसान, विद्यार्थी या युवा अपने आइडिया को स्टार्ट अप बिजनेस तक ले जा सके। एग्री बिजनेस इंक्यूबेशन सेंटर उन्हें बिजनेस स्थापित करने के लिए शुरुआती चरण में पांच लाख रुपये का फंड भी दिलवाएगा। चुने गए आवेदनों की सूची 30 जुलाई को एचएयू की वेबसाइट डाली जाएगी।

> अब किसानों के बिजनेसमैन बनने का समय आ गया है। इसके लिए हमने जो एग्रीबिजनेस इंक्यूबेशन सेंटर शुरू किया था, उसने धरातल पर काम करना शुरू कर दिया है। इसी के तहत विद्यार्थियों, युवाओं और किसानों से उनके आइडिया के साथ आवेदन मांगे गए गए हैं। हम चाहते हैं कि अधिक से अधिक लोग कृषि व्यवसाय से जुड़ें और किसानों की आमदनी दोगुनी हो।
> – प्रो. केपी सिंह, कुलपति, एचएयू हिसार।

मार्केटिंग और ब्रांडिंग तक सभी की होगी ट्रेनिंग : एग्री बिजनेस इंक्यूबेशन सेंटर की ओर से बेहतर आइडिया वाले 30 लोगों को दो माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस दौरान उन्हें 10 हजार रुपये प्रतिमाह स्टाइफंड भी मिलेगा। यह ट्रेनिंग 6 अगस्त को शुरू होगी। ट्रेनिंग देने के लिए आइडिया के अनुसार देशभर के निजी और सार्वजनिक संस्थानों से एक्सपर्ट को हायर किया जाएगा। ताकि हर विषय की बारीकी से जानकारी लोगों को मिल सके। इस दौरान उन्हें, कैसे व्यवसाय शुरू करें, नेटवर्किंग कैसे हो, मार्केटिंग कैसे हो, अपना ब्रांड कैसे बनाएं, सर्टिफिकेशन कैसे होगा, बिजनेस प्लानिंग सहित हर उस पहलु की जानकारी दी जाएगी, जो बिजनेस शुरू करने के लिए जरूरी होती है। पहल 2019' में आवेदन करने के लिए आवेदक के पास स्वंय का एक यूनिक बिजनेस आइडिया होना चाहिए। इंक्यूबेशन सेंटर में मौजूद पूरे भारत से आए विशेषज्ञ और बिजनेस मेंटर्स इन आइडियाज में सुधार करके इन्हें बिजनेस स्टार्ट अप योग्य बनाएंगे।